TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

S a t u r d a y

## 08 जून

1. **विश्व महासागर दिवस–** महासागर के महत्त्व और उससे संबंधित विषयों, खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, पारिस्थितिकी संतुलन आदि की ओर राजनीतिक और सामाजिक ध्यान आकर्षित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस दिवस को मनाने की घोषणा 2009 में की गई। पहला विश्व महासागर दिवस 8 जून, 2009 को मनाया गया था। ब्राजील में वर्ष 1992 में पहली बार इसे मनाया गया था।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, भूगोल की पुस्तक **'हमारी दुनिया' 2, अध्याय 4**
2. **नेप्टुनियम की खोज–** आवर्त सारणी का 93वां तत्व नेप्टुनियम की खोज की घोषणा 8 जून, 1940 ई. को हुई थी। इसके खोजकर्ता एडविन मैकमिलन और फिलीप एच. एबेल्सन थे। यह आवर्त सारणी में यूरेनियम (यूरेनस ग्रह के नाम पर नामकरण) के बाद आता है, अतः इसका नाम नेप्टुनियम, नेप्च्युन ग्रह के नाम पर रखा गया है।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, **विज्ञान भाग 3, पाठ 16, 'धातु और अधातु'**
3. **विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस–** इस दिवस को मनाने की शुरूआत सबसे पहले 'जर्मन ब्रेन ट्यूमर एसोसिएशन' द्वारा किया गया था। इस दिन इस बीमारी के लक्षणों और इसके उपचार के बारे में आवश्यक जानकारीयां दी जाती हैं। मस्तिष्क कैंसर एक खतरनाक बीमारी है। समय रहते यदि इसका उपचार न किया गया तो व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। विश्व में प्रतिदिन औसतन 500 से अधिक नये मामलों की जानकारी प्राप्त होती है। सिरदर्द, दौरा, उल्टी, बोलने तथा इन्द्रिय बोध में परेशानी इसके मुख्य लक्षण हैं।
4. **ऑल इंडिया रेडियो–** 8 जून, 1936 को ही भारत के सरकारी रेडियो नेटवर्क का नाम 'इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस' से बदलकर 'ऑल इंडिया रेडियो' रखा गया। 23 जुलाई, 1927 ई. को भारत में पहला रेडियो प्रसारण मुम्बई से हुआ। 1927 ई. में मुम्बई और कोलकाता में निजी स्वामित्व वाले दो ट्रांसमीटरों से प्रसारण सेवा की स्थापना हुई। सन् 1930 में सरकार ने इन ट्रांसमीटरों को अपने नियंत्रण में ले लिया और 'इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस' रख दिया। वर्ष 1957 में इसे 'आकाशवाणी' नाम से पुकारा जाने लगा।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, नागरिक, **सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन भाग 2, अध्याय 6** से जोड़कर बतायें।
5. **टिम बर्नर्स ली का जन्म–** वर्ल्ड वाइड वेब के अविष्कारक टिम बर्नर्स ली का जन्म 8 जून, 1955 ई. को इंग्लैंड में हुआ था।

SoM /teachersofbihar

*Madhu priya*

Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

8 जून

मधु प्रिया

## ऑल इंडिया रेडियो 8 जून

आज 8 जून है। ऑल इंडिया रेडियो के इतिहास में आज के दिन का बड़ा महत्व है। आज ही के दिन 8 जून 1936 को भारत मे सरकारी प्रसारण व्यवस्था का नाम “ऑल इंडिया रेडियो” दिया गया।भारत में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मुम्बई और कोलकाता में सन 1927 में दो निजी ट्रांसमीटरों से हुई। 1930 में इसका राष्ट्रीयकरण हुआ और तब इसका नाम भारतीय प्रसारण सेवा (इण्डियन ब्राडकास्टिंग कॉरपोरेशन) रखा गया। बाद में 1957 में इसका नाम बदल कर आकाशवाणी रखा गया।आकाशवाणी के पास फिलहाल देशभर में 420 स्टेशन मौजूद हैं। ऑल इंडिया रेडियो 23 भाषाओं और 146 बोलियों में कार्यक्रम तैयार करता है। रेडियो प्रसारण देने वाले किसी भी दूसरे रेडियो के मुकाबले यह ज्यादा है। आकाशवाणी जिसे पहले ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) के रूप में जाना जाता था, आधिकारिक तौर पर 1957 से आकाशवाणी (साहित्यिक अर्थ "वॉयस फ्रॉम द स्काई") के रूप में जाना जाता है, भारत का राष्ट्रीय सार्वजनिक रेडियो प्रसारक है और प्रसार भारती का एक प्रभाग है। इसकी स्थापना 1936 में हुई थी।

# जन्मदिन विशेष 08 जून

राकेश कुमार



जन्म: 08 जून 1955




इंग्लैंड में जन्मे टिम बर्नर ली क्वींस कॉलेज और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़े थे। 1976 में उन्हें भौतिक विज्ञान में डिग्री मिली। भौतिकी के साथ उन्हें गणित की भी अच्छी जानकारी थी। जेनेवा स्थित यूरोपीय नाभिकीय अनुसंधान संगठन में टिम को 1984 में एक फेलो के तौर पर काम करने का मौका मिला। प्रयोगशाला में कई तरह के कम्प्यूटर थे, जिन पर अलग-अलग प्रारूप में डेटा स्टोर किया जाता था। टिम का काम इस डेटा को एक कंप्यूटर से दूसरे तक सही तरीके से पहुंचाने का था। तब उन्होंने एक ऐसे तरीके के बारे में सोचना शुरू किया, जिससे सभी सूचनाओं और डेटा को एक साथ लाया जा सके।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 08.06.2024

**वर्ल्ड वाइड वेब**

**WWW**

**वर्ल्ड वाइड वेब - जिसे वेब, WWW या W3 के नाम से भी जाना जाता है - उन सभी सार्वजनिक वेबसाइटों या पेजों को संदर्भित करता है जिन तक उपयोगकर्ता इंटरनेट के माध्यम से अपने स्थानीय कंप्यूटर और अन्य उपकरणों पर पहुंच सकते हैं।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**सुनील छेत्री** ने कुवैत के साथ अपना **आखिरी मैच** खेलकर फुटबॉल से **रिटायरमेंट** ले लिया है। सुनील ने अपने आखिरी **इंटरनेशनल मैच** को ड्रॉ करवा दिया।

# Today's Quiz

QUIZ TIME

## Quiz Number 409

**भारत में सर्वाधिक दूध का उत्पादन किस राज्य में होता हैं ?**

A. राजस्थान

B. मध्य प्रदेश

C. उत्तर प्रदेश

D. महाराष्ट्र




www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C




/teachersofbihar



भारत के मशहूर पटकथा लेखक, नाट्य निर्देशक, कवि, अभिनेता

# हबीब तनवीर

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म-1 सितंबर 1923 - निधन- 8 जून 2009

Madhu priya

/teachersofbihar



# भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## रामोजी राव

जन्म 16 नवंबर 1936

मृत्यु 8 जून 2024

08 जून 2024


Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षित व्यक्ति भाग्य का अस्तित्व स्वीकार नहीं कर सकता।

**रवीन्द्रनाथ टैगोर**



राकेश कुमार